**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2335**
**(03 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मनरेगा के अंतर्गत पंजीकृत घर**

**2335. श्री के. सुधाकरनः**
**श्री एंटो एन्टोनीः**
**श्री उत्तम कुमार रेड्डीः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्य के लिए पंजीकृत घरों की केरल सहित वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से मनरेगा के अंतर्गत केरल राज्य सहित वर्ष-वार और राज्य-वार कितने घरों को रोजगार प्रदान किया गया है;

(ग) क्या सरकार को उन घटनाओं की जानकारी है जिनमें कार्य के लिए पंजीकृत लोगों को कार्य प्रदान नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; (घ) क्या देर से मजदूरी का भुगतान संबंधी कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) मनरेगा कामगारों को समय से भुगतान मिले, यह सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाया गया है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम□ ईएस) में अपलोड की गई जानकारी के अनुसार, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2019-20 (29.11.2019 तक) तक परिवारों द्वारा दर्ज कराई गई रोजगार की मांग, परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार और परिवारों को दिए गए रोजगार का केरल सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): महात्मा गाँधी नरेगा योजना मांग □ धारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है। इसमें ग्रामीण परिवारों को □ जीविका का तात्कालिक विकल्प उपलब्ध कराकर □ जीविका सुरक्षा दी जाती है जब उन्हें रोजगार का कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध नहीं होता है। काम की मांग वर्षा की स्थिति, महात्मा गाँधी नरेगा योजना से बाहर वैकल्पिक एवं पारिश्रमिक वाले रोजगार के अवसरों की उपलब्धता जैसे विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है। कई बार जिन कामगारों ने काम की मांग दर्ज कराई होती है, वे काम का प्रस्ताव मिलने पर काम करने के लिए नहीं □ ते हैं क्योंकि उन्हें अन्यत्र बेहतर काम के अवसर उपलब्ध हो जाते हैं। तथापि, महात्मा गाँधी नरेगा अधिनियम, 2005 की धारा 7 में यह प्रावधान है कि जिन कामगारों को निर्धारित समय-सीमा में काम नहीं दिया जाता है, वे दैनिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे, जिसका भुगतान संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाएगा।

(घ): केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजी□ रएएमएस) के अनुसार, पिछले चार वर्षों (1.04.2014 से 27.11.2019 तक) के दौरान महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरी के देरी से भुगतान की स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ङ): यह मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ-साथ मजदूरी के समय पर भुगतान में सुधार के ठोस प्रयास करता रहा है। 24 राज्यों और 1 संघ राज्य क्षेत्र में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि प्रबंधन प्रणाली (एनईएफएमएस) शुरू की गई है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे मनरेगा कामगारों के बैंक/डाकघर खातों में किया जा रहा है। मंत्रालय ने लाभार्थियों के खाते में सीधे भुगतान के लिए समय पर भुगतान की मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे भुगतान □ देश समय पर जारी करें। इसके परिणामस्वरूप भुगतान □ देश समय पर जारी किए जाने की स्थिति में काफी सुधार हु□ है, जिससे कामगारों के खाते में उनकी मजदूरी की राशि जमा होने में लगने वाले वास्तविक समय में कमी □ ई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान (27.11.2019 तक), मस्टर रोल बंद किए जाने की तारीख से 15 दिनों की अवधि में लगभग 97% भुगतान □ देश जारी किए गए हैं।

अनुबंध-I

## लोक सभा में दिनांक 03.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2335 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

| क्र.सं. | राज्य | 2014-15 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार |
| 1 | □ंध्र प्रदेश | 3693349 | 3677552 | 3299729 | 3964996 | 3915649 | 3621196 | 4014973 | 3980950 | 3991319 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 146515 | 141308 | 136988 | 192933 | 189530 | 181263 | 207359 | 205260 | 202912 |
| 3 | असम | 1082726 | 1081389 | 964841 | 1668344 | 1667506 | 1502086 | 1785201 | 1784225 | 1567972 |
| 4 | बिहार | 1473145 | 1472194 | 926301 | 1923420 | 1921730 | 1479541 | 2979329 | 2977825 | 2286043 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2042334 | 2041085 | 1748252 | 2611812 | 2610425 | 2173906 | 2542557 | 2540789 | 2132052 |
| 6 | गोवा | 7250 | 7232 | 7225 | 5976 | 5961 | 5909 | 6788 | 6773 | 6755 |
| 7 | गुजरात | 593270 | 591894 | 513099 | 642259 | 640516 | 556673 | 893470 | 890339 | 716048 |
| 8 | हरियाणा | 262502 | 262323 | 217914 | 199585 | 199393 | 168693 | 332211 | 331823 | 281083 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 498918 | 498789 | 452554 | 466876 | 466728 | 423449 | 569620 | 569507 | 528840 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 382408 | 381215 | 325249 | 703452 | 702639 | 638441 | 676537 | 675611 | 600678 |
| 11 | झारखंड | 1230932 | 1230604 | 1110902 | 1270639 | 1269641 | 1126038 | 2077366 | 2076751 | 1742402 |
| 12 | कर्नाटक | 1513131 | 1482165 | 1093285 | 1662326 | 1617394 | 1235441 | 2151519 | 2095605 | 1817688 |
| 13 | केरल | 1565107 | 1565003 | 1380224 | 1664786 | 1664606 | 1505663 | 1606074 | 1605923 | 1457411 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3102659 | 3096088 | 2793071 | 3023927 | 3016257 | 2701603 | 3372394 | 3361963 | 2801317 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1280657 | 1278994 | 1159610 | 1420579 | 1419305 | 1274697 | 1613022 | 1611147 | 1433334 |
| 16 | मणिपुर | 471587 | 470408 | 468864 | 480877 | 477883 | 473653 | 519710 | 518787 | 515717 |
| 17 | मेघालय | 357424 | 357349 | 351140 | 374867 | 374780 | 368405 | 422374 | 422194 | 414565 |
| 18 | मिजोरम | 190611 | 190609 | 190467 | 190401 | 190398 | 190353 | 189353 | 189278 | 189231 |
| 19 | नागालैंड | 407422 | 407064 | 405684 | 418268 | 418241 | 417353 | 421432 | 421037 | 418351 |
| 20 | ओडिशा | 1693524 | 1692354 | 1467041 | 2228049 | 2225808 | 1994513 | 2355178 | 2352096 | 2031118 |
| 21 | पंजाब | 340863 | 339831 | 288728 | 528930 | 528375 | 473984 | 610775 | 610078 | 536372 |
| 22 | राजस्थान | 4117242 | 4115556 | 3686818 | 4688247 | 4684938 | 4220809 | 5098508 | 5096387 | 4634493 |
| 23 | सिक्किम | 60203 | 60187 | 56755 | 67505 | 67488 | 65454 | 69908 | 69898 | 68098 |
| 24 | तमिलनाडु | 5681511 | 5679707 | 5657572 | 6094229 | 6093481 | 6053332 | 6295522 | 6295196 | 6261527 |
| 25 | तेलंगाना | 2885398 | 2876896 | 2439515 | 2962081 | 2952523 | 2575958 | 2763105 | 2729346 | 2561467 |
| 26 | त्रिपुरा | 592571 | 592564 | 581254 | 580232 | 580277 | 570283 | 586454 | 586445 | 577324 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 4531778 | 4528322 | 3895548 | 6309751 | 6303815 | 5421399 | 5837378 | 5829649 | 4994398 |
| 28 | उत्तराखंड | 491408 | 491082 | 454597 | 588353 | 588082 | 544430 | 596568 | 596277 | 544241 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 5717041 | 5715956 | 5116780 | 6500332 | 6497943 | 6109296 | 6288519 | 6287579 | 5823342 |
| 30 | अण्डमान और निकोबार | 14134 | 14129 | 13817 | 9991 | 9982 | 9609 | 12164 | 12161 | 12008 |
| 31 | लक्षद्वीप | 549 | 549 | 477 | 147 | 146 | 133 | 8 | 8 | 8 |
| 32 | पुडुचेरी | 36004 | 36002 | 29560 | 37658 | 37637 | 32736 | 34883 | 34882 | 31019 |
| | कुल | 46464173 | 46376400 | 41233861 | 53481828 | 53339077 | 48116299 | 56930259 | 56765789 | 51179133 |

**स्रोत: www.nrega.nic.in**

| क्र.सं. | राज्य | 2017-18 | | | 2018-19 | | | 2019-20 ( 29.11.2019 तक) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार | परिवारों द्वारा मांगा गया रोजगार | परिवारों के लिए प्रस्तावित रोजगार | परिवारों को दिया गया रोजगार |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4271447 | 4263134 | 3994718 | 4394710 | 4069899 | 4227255 | 4338529 | 4325133 | 3782881 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 161946 | 155743 | 141722 | 168327 | 166003 | 159973 | 131546 | 126611 | 120977 |
| 3 | असम | 1901375 | 1900571 | 1684648 | 1922742 | 1922247 | 1742852 | 1615811 | 1614861 | 1420633 |
| 4 | बिहार | 2904668 | 2901632 | 2247235 | 3670630 | 3666747 | 2924734 | 2862068 | 2852990 | 2230292 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2743316 | 2741465 | 2326446 | 2813763 | 2812249 | 2442507 | 2292897 | 2291260 | 1877027 |
| 6 | गोवा | 6579 | 6536 | 6463 | 1306 | 1300 | 1141 | 333 | 267 | 238 |
| 7 | गुजरात | 1017117 | 1014988 | 861167 | 1045447 | 1043463 | 911304 | 721571 | 719115 | 611226 |
| 8 | हरियाणा | 322027 | 321624 | 272856 | 276535 | 275984 | 230974 | 231312 | 230427 | 175799 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 550764 | 550633 | 511366 | 592370 | 592251 | 553641 | 476550 | 476393 | 421475 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 759419 | 758573 | 682262 | 726624 | 725708 | 652698 | 300539 | 299608 | 234283 |
| 11 | झारखंड | 1876648 | 1875881 | 1444548 | 1572310 | 1571310 | 1272722 | 1362753 | 1361824 | 1141308 |
| 12 | कर्नाटक | 2152259 | 2092005 | 1902386 | 2358639 | 2299153 | 2108401 | 2189332 | 2140754 | 1938279 |
| 13 | केरल | 1470071 | 1469970 | 1311681 | 1628881 | 1628841 | 1478386 | 1460821 | 1460420 | 1291970 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4017833 | 4005051 | 3480571 | 4570730 | 4560355 | 3919081 | 3427804 | 3419026 | 2859197 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1874365 | 1871573 | 1697606 | 1976996 | 1973373 | 1793243 | 1367595 | 1364001 | 1169026 |
| 16 | मणिपुर | 501231 | 498789 | 491026 | 527817 | 524786 | 513042 | 535969 | 530122 | 521846 |
| 17 | मेघालय | 436284 | 436180 | 426881 | 482915 | 482834 | 475388 | 432164 | 431745 | 399462 |
| 18 | मिजोरम | 190930 | 190920 | 190894 | 196120 | 196100 | 195974 | 201547 | 201065 | 200654 |
| 19 | नागालैंड | 413820 | 412990 | 409757 | 400217 | 398573 | 386305 | 375721 | 373648 | 369110 |
| 20 | ओडिशा | 2568248 | 2564701 | 2306678 | 2375333 | 2371655 | 2149231 | 1997563 | 1993582 | 1729808 |
| 21 | पंजाब | 766577 | 765411 | 663684 | 834259 | 832896 | 674884 | 806695 | 805314 | 633255 |
| 22 | राजस्थान | 5030540 | 5027733 | 4514375 | 5800777 | 5798433 | 5164731 | 5593537 | 5590457 | 4924720 |
| 23 | सिक्किम | 66411 | 66392 | 63725 | 65093 | 65075 | 61806 | 54885 | 54839 | 48415 |
| 24 | तमिलनाडु | 5855644 | 5855204 | 5815061 | 5834289 | 5834125 | 5592318 | 5561375 | 5560547 | 5299826 |
| 25 | तेलंगाना | 2984166 | 2971220 | 2532538 | 2806119 | 2794100 | 2523297 | 2750392 | 2737270 | 2328926 |
| 26 | त्रिपुरा | 541071 | 540926 | 522752 | 564408 | 564399 | 549356 | 563417 | 563401 | 548121 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 5645415 | 5635700 | 4859995 | 5836406 | 5829583 | 5046343 | 5136780 | 5128759 | 4240598 |
| 28 | उत्तराखंड | 552806 | 552495 | 509595 | 528992 | 528830 | 489153 | 359806 | 359508 | 310821 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 5681755 | 5680009 | 5241167 | 4749694 | 4747757 | 4391807 | 3495977 | 3492051 | 2825087 |
| 30 | अण्डमान और निकोबार | 7692 | 7689 | 7166 | 7098 | 7096 | 6114 | 5572 | 5570 | 4435 |
| 31 | दादर और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | लक्षद्वीप | 251 | 220 | 141 | 279 | 279 | 254 | 83 | 83 | 69 |
| 34 | पुडुचेरी | 42856 | 42850 | 37664 | 37729 | 37728 | 33214 | 40830 | 40822 | 35255 |
| | कुल | 57315531 | 57178808 | 51158774 | 58767555 | 58323132 | 52672129 | 50691774 | 50551473 | 43695019 |

**स्रोत: www.nrega.nic.in**

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 03.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2335 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II**

**महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अंतर्गत देरी से भुगतान की शिकायतों का ब्यौरा (1.04.2014 से 27.11.2019 तक)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्राप्त शिकायतें | निपटाई गई शिकायतें | लंबित शिकायतें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1 | 1 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 0 | 0 | 0 |
| 6 | छत्तीसगढ | 5 | 2 | 3 |
| 7 | दादर और नगर हवेली | 0 | 0 | 0 |
| 8 | दमन और दीव | 0 | 0 | 0 |
| 9 | गोवा | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गुजरात | 2 | 1 | 1 |
| 11 | हरियाणा | 0 | 0 | 0 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1 | 0 | 1 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 1 | 1 | 0 |
| 14 | झारखंड | 1 | 0 | 1 |
| 15 | कर्नाटक | 3 | 1 | 2 |
| 16 | केरल | 3 | 2 | 1 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 3 | 2 | 1 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2 | 2 | 0 |
| 20 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 |
| 21 | मेघालय | 0 | 0 | 0 |
| 22 | मिजोरम | 1 | 1 | 0 |
| 23 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 |
| 24 | ओडिशा | 0 | 0 | 0 |
| 25 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| 26 | पंजाब | 2 | 2 | 0 |
| 27 | राजस्थान | 6 | 1 | 5 |
| 28 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 1 | 1 | 0 |
| 30 | तेलंगाना | 0 | 0 | 0 |
| 31 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 3 | 3 | 0 |
| 33 | उत्तराखंड | 1 | 1 | 0 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 2 | 1 | 1 |
| | **कुल** | **38** | **22** | **16** |